कार्यालय पुलिस आयुक्त, दिल्ली, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।

संख्या 16230/जनसम्पर्क शाखा, पु0मु0, नई दिल्ली दिनांक 26 जुलाई, 2018

सेवा में,

श्रीमान सम्पादक,
नवोदय टाइम्स
10वां तल, अंसल भवन, 16 के.जी.मार्ग
नई दिल्ली– 110001

विषयः– IPS अधिकारियों के लगातार तबादले,सीपी की भी बारी।
(डीजी तिहाड़ अजय कश्यपऔर संदीप गोयल दौड़ में सबसे आगे)

महोदय,

कृपया, दिनांक 26 जुलाई, 2018 को आपके समाचार पत्र में उपरोक्त शीर्षक के अन्तर्गत छपी खबर का अवलोकन करें। आपके संवाददाता श्री संजीव यादव के हवाले से प्रकाशित यह खबर पूर्णतया तथ्यहीन और बेबुनियाद है। दिल्ली पुलिस विभाग द्वारा वर्तमान परिस्थितयों में इस खबर का पूर ज़ोर खंडन करती है।

राजधानी की पुलिस होने के नाते दिल्ली पुलिस पर होने वाली हर सकारात्मक व नकारात्मक प्रतिक्रिया का दिल्ली के नागरिकों पर ही नहीं अपितु आसपास के क्षेत्र पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। आपके संवाददाता द्वारा दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के सामान्यतयाः होने वाले स्थानांतरण को पुलिस आयुक्त के स्थानांतरण को जोड़ कर लगाये गये कयास बेबुनियाद और आधारहीन है। खबर को सनसनीखेज बनाने के लिए गृहमंत्रालय, उपराज्यपाल कार्यालय तथा सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का जो उल्लेख किया है, वह भी सरासर बेबुनियाद व तथ्यहीन है।

इस संबंध में आपसे आग्रह किया जाता है कि अपने संबंधित संवाददाता को मुनासिब हिदायत दें कि भविष्य में इस प्रकार की बेबुनियाद व तथ्यहीन खबर प्रकाशित ना करें। साथ ही साथ दिल्ली पुलिस के इस स्पष्टीकरण को उचित स्थान पर प्रकाशित करने का कष्ट करें ताकि आपके पाठकों को तथ्यों की सही जानकारी मिल सके।

भवदीय,

26/7/18

(अनिल कुमार)
अतिरिक्त जनसम्पर्क अधिकारी
दिल्ली पुलिस, दिल्ली।